प्रेस्टो (PRESTO) के बारे में जानकारी

टीटीसी पर प्रेस्टो

टीटीसी प्रेस्टो पर स्विच कर रहा है, एक भुगतान प्रणाली जो टिकटों, टोकनों और पासों की आवश्यकता को समाप्त करती है।

आप सभी टीटीसी स्ट्रीटकारों, बसों और हर सबवे स्टेशन पर अपने किराए का भुगतान करने के लिए प्रेस्टो का उपयोग कर सकते हैं।

प्रेस्टो कार्ड खरीदना

(कार्डों की कीमत $6 है तथा न्यूनतम $10 के लोड की आवश्यकता है)

प्रेस्टो कार्ड उपलब्ध हैं:

- prestocard.ca पर ऑनलाइन।
- शॉपर्स ड्रग मार्ट (Shoppers Drug Mart) स्थानों पर, टीटीसी सबवे स्टेशनों पर किराया वेंडिंग मशीनों में और डेविसविल (Davisville) स्टेशन के ऊपर टीटीसी के कस्टमर सर्विस सेन्टर में।

सभी प्रेस्टो कार्ड स्वचालित रूप से एक वयस्क किराया कटौती करने के लिए सेट हैं। आप अपने प्रेस्टो कार्ड को बच्चे, युवा, पोस्ट- सेकन्डेरी छात्र या सीनीयर के कार्ड में बदल सकते हैं:

- शॉपर्स ड्रग मार्ट स्थानों पर।
- डेविसविल स्टेशन के ऊपर टीटीसी के कस्टमर सर्विस सेन्टर में, 1900 यंग स्ट्रीट (Yonge Street)।

आपके प्रेस्टो कार्ड को वयस्क कार्ड से बच्चे, युवा, पोस्ट- सेकन्डेरी छात्र या सीनीयर के कार्ड में बदलने के लिए आपके पास सरकार द्वारा जारी पहचान या आपका टीटीसी पोस्ट- सेकन्डेरी फोटो पहचान कार्ड होना चाहिए।

टीटीसी पोस्ट- सेकन्डेरी फोटो पहचान कार्ड शरबोर्न (Sherbourne) स्टेशन पर टीटीसी के फोटो सेंटर में उपलब्ध हैं। कार्ड की कीमत $ 5.25 (केवल नकदी) है।

6 से 12 वर्ष तक के बच्चे

- जब आप टीटीसी का उपयोग करते हैं, तो आपको अपने प्रेस्टो कार्ड को अपने साथ ले जाना होगा, भले ही आप मुफ्त में सवारी करते हैं।
- हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें, भले ही आप किसी और के साथ यात्रा कर रहे हों।
- टीटीसी भर में प्रेस्टो कार्ड रीडर आपके कार्ड को बाल कार्ड के रूप में पहचानेंगे और कोई किराया काटा नहीं जाएगा।

13 से 19 वर्ष तक के युवा

- हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें। टैप करना आपका किराया काटता है, आपकी दो घंटे की ट्रान्सफर को मान्य करता है या आपके मासिक पास की पुष्टि करता है।
- यदि आप 13 से 15 वर्ष के बीच हैं, तो टीटीसी पर यात्रा करते समय आपको अपनी पहचान साथ रखने कि आवश्यकता नहीं है।
- यदि आप 16 से 19 वर्ष के बीच हैं, तो आपको अपनी हाईस्कूल फोटो पहचान, ड्राइवर लाइसेंस या ओन्टारियो फोटो कार्ड अपने साथ रखने और अनुरोध किए जाने पर टीटीसी कर्मचारियों को पेश करने की आवश्यकता है।

एक योग्यता प्राप्त संस्थान में नामांकित पोस्ट- सेकन्डेरी छात्र

- हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें। टैप करना आपका किराया काटता है, आपकी दो घंटे की ट्रान्सफर को मान्य करता है या आपके मासिक पास की पुष्टि करता है।
- अपने प्रेस्टो कार्ड को वयस्क कार्ड से पोस्ट-सेकन्डेरी छात्र कार्ड में बदलने के लिए आपके पास अपना टीटीसी पोस्ट-सेकन्डेरी फोटो पहचान पत्र होने की जरूरत होगी। टीटीसी पर यात्रा करते समय आपको अपने टीटीसी पोस्ट- सेकन्डेरी फोटो पहचान कार्ड को भी साथ ले कर जाना होगा।
- टीटीसी पोस्ट- सेकन्डेरी फोटो पहचान कार्ड शरबोर्न स्टेशन पर टीटीसी के फोटो सेंटर में उपलब्ध हैं। कार्ड की कीमत $ 5.25 (केवल नकदी) है।

65 वर्ष या उस से अधिक उम्र के सीनीयर

- हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें। टैप करना आपका किराया काटता है, आपकी दो घंटे की ट्रान्सफर को मान्य करता है या आपके मासिक पास की पुष्टि करता है।
- आपको अपनी टीटीसी सीनीयर फोटो पहचान, ड्राइवर लाइसेंस या ओन्टारियो फोटो कार्ड अपने साथ रखने और अनुरोध किए जाने पर टीटीसी कर्मचारियों को पेश करने की आवश्यकता है।

अपने नए प्रेस्टो कार्ड पर पैसा या मासिक पास डालना

आप निम्न तरीकों से, अपने किराए का भुगतान करने के लिए अपने प्रेस्टो कार्ड में पैसे डाल सकते हैं या आप टीटीसी मासिक पास या 12- महीने का पास लोड कर सकते हैं, जो एक महीने के लिए असीमित यात्रा प्रदान करता है:

ऑनलाइन:

- prestocard.ca पर। ऑनलाइन लोडों को प्रेस्टो कार्ड पर उपयोग के लिए उपलब्ध होने से पहले 24 घंटे तक लग सकते हैं।

व्यक्तिगत रूप में:

- शॉपर्स ड्रग मार्ट स्थानों पर।
- टीटीसी सबवे स्टेशनों के प्रवेश द्वारों पर किराया वेंडिंग मशीनें पर (मासिक पास और पैसा)।
- टीटीसी सबवे स्टेशनों के प्रवेश द्वारों पर सेल्फ - सर्व रीलोड मशीनों (Self-Serve Reload Machines) पर (केवल पैसा)।
- डेविसविल स्टेशन के ऊपर टीटीसी के कस्टमर सर्विस सेन्टर में, 1900 यंग स्ट्रीट।

नोट: मासिक पास महीने के अंत से आठ दिन पहले से अगले महीने की शुरुआत के पांच दिन बाद तक बिक्री के लिए उपलब्ध होते हैं।

प्रेस्टो के साथ अपने किराए का भुगतान करना

हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें। टैप करना आपका किराया काटता है, आपकी दो घंटे की ट्रान्सफर को मान्य करता है या आपके मासिक पास की पुष्टि करता है। आपकी ट्रान्सफर आपके अपना कार्ड पहली बार टैप करने के बाद दो घंटे के लिए मान्य है।

किराए संबंधी विकल्प	युवा (13 - 19)	पोस्ट- सेकन्डेरी छात्र	वयस्क	सीनीयर
एकल किराया	$2.05	$3	$3	$2.05
टीटीसी मासिक पास*	$116.75 प्रति महीना	$116.75 प्रति महीना	$146.25 प्रति महीना	$116.75 प्रति महीना
12 – महीने का पास*	$107 प्रति महीना	लागू नहीं होता**	$134 प्रति महीना	$107 प्रति महीना

* मासिक पास एक महीने के लिए टीटीसी पर असीमित यात्रा प्रदान करते हैं।
** 12 महीने का पास पोस्ट-सेकन्डेरी छात्रों के लिए उपलब्ध नहीं है

अपने प्रेस्टो कार्ड पर अपने पैसे या मासिक पास की सुरक्षा करना

एक माए प्रेस्टो (My PRESTO) अकाउन्ट बनाएँ तथा अपनी शेष राशि और मासिक पास को सुरक्षित रखने के लिए अपने कार्ड को रजिस्टर करें। यदि आपका कार्ड गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है, तो आप अपने पैसे या मासिक पास को नए कार्ड में स्थानांतरित कर सकते हैं। और अधिक जानकारी prestocard.ca पर उपलब्ध है।

प्रेस्टो के लाभ

दो - घंटे का ट्रान्सफर
जितनी बार चाहें टीटीसी पर चढ़ें या उतरें। जब तक आप पहली बार अपना कार्ड टैप करने के दो घंटे के भीतर हैं, आप से एक और किराया नहीं लिया जाएगा।

ऑटोलोड/ऑटोरेन्यू
अपने कार्ड को स्वचालित रूप से पैसे लोड करने या अपना मासिक पास नवीनीकृत करने के लिए सेट करें।

सुरक्षित
एक माए प्रेस्टो अकाउन्ट बनाकर अपनी शेष राशि और मासिक पास को सुरक्षित रखें।

Tap every time

हर बार जब आप एक सबवे स्टेशन में प्रवेश करते हैं और जब भी आप बस या स्ट्रीटकार में चढ़ते हैं, तो अपना प्रेस्टो कार्ड टैप करें, भले ही वह एक स्टेशन में है या सड़क पर है।

31 दिसंबर, 2018 के बाद टीटीसी मेट्रोपास बंद कर दिए जाएंगे और 3 अगस्त, 2019 के बाद टिकट और टोकन बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीटीसी 2019 के अंत तक टिकट और टोकन स्वीकार करना जारी रखेगी।

प्रेस्टो संपर्क केन्द्र
1-877-378-6123